## खबर संक्षेप

### उप चुनाव में मोहम्मद रियाज बने पंच



**भमोड़ी / परासिया।** ग्राम पंचायत भमोड़ी के वार्ड क्रमांक 20 के पंच पद के लिए हुए उपचुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ जिसमें मोहम्मद रियाज खान पंच चुने गए । यहां तत्कालीन वार्ड पंच शारिक खान के निधन के कारण उप चुनाव हुए हैं । शासकीय प्राथमिक शाला भवन में मतदान केंद्र बनाया गया था । सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान के बाद मतदान स्थल पर गणना की गई । चुनाव में रियाज खान और धर्मदास कहार दो प्रत्याशी मैदान में थे । कुल 73 मत डाले गये जिसमें रियाज खान को 39 , धर्मदास कहार को 30 , नोटा को एक मत और तीन वोट निरस्त किए गए । गौरतलब है , कि परासिया जनपद में 3 ग्राम पंचायत में पंच के चुनाव होने थे भमोड़ी छोड़कर बाकी सभी जगह निर्विरोध निर्वाचन हुआ ।

### सिंगोड़ी में लगा निःशुल्क आंखों का शिविर

**सिंगोड़ी।** सुख सागर मेडीकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल जबलपुर (म.प्र.) एवं द्वारिकाधीश फांउडेशन, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन महंत छोटे बापूजी साहब की स्मृति में स्थान-ग्राम पंचायत भवन सिंगोड़ी में आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों को आंखों में परेशानी सहित मोतियाबिंद होने पर ऑपरेशन फेको मशीन द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपणमोतियाविंद रेटिना/पर्दा फेक्चरट्यूमर/कैंसर अवसूर गैंगापनसहित आंखों से संबंधित अन्य समस्त प्रकार की बीमारियों का निःशुल्क ईलाज और जांच किया गया जिसमें मरीजों को चिन्हित कर उनका आंखों का ऑपरेशन जबलपुर अस्पताल में करने हेतु ले जाया गया।

### जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ, आरोपी जेल में, दोनों को रेफर किया जिला अस्पताल

# रेप पीड़िता नाबालिग ने कीचड़ में दिया कन्या को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया में मंगलवार को एक मार्मिक मामला सामने आया है । जिसमें एक रेप पीड़ति नाबालिग ने कीचड़ में कन्या को जन्म दिया । घटना की जानकारी लगते ही आर्यव्रत वेलफेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर संतोष बाथव और हिना शाह ने तत्काल सिविल सर्जन को सूचना दी और जच्चा - बच्चा को ऑटो से अस्पताल ले गए ।

मिली जानकारी के अनुसार सेठिया में कार्यरत आशा कार्यकर्ता जयवन्ति इवनाती एक 15 वर्षीय नाबालिग को जांच के लिए परासिया सिविल अस्पताल लाई । जहां डॉक्टर शशि अतुलकर ने नाबालिग गर्भवती की जांच कर सोनोग्राफी कराने की सलाह देकर




छिंदवाड़ा अस्पताल जाने को कहा । जिसके बाद आशा कार्यकर्ता गर्भवती को लेकर सेठिया जाने के लिए नगर पालिका के पास पहुंची । सवारी वाहन के इंतजार के दौरान नाबालिग शौच के लिए गई । शौच के दौरान ही उसने एक बच्ची को जन्म दिया और प्रसूता वहीं लेट गई । समीप ही आर्यव्रत वेलफेयर फाउंडेशन का ऑफिस है। जहां से फाउंडेशन के डायरेक्टर संतोष बाथव और उनके स्टॉफ की नजर प्रसूता पर पड़ी वे दौड़ कर प्रसूता के पास पहुंचे । संस्था के महिला स्टॉफ ने प्रसूता को संभाला और श्री बाथव ने सिविल सर्जन को सूचना देने के साथ एम्बुलेंस भेजने का आग्रह भी किया । एम्बुलेंस नहीं आने पर प्रसूता को ऑटो से अस्पताल लेकर पहुंचे । बी एम ओ अंकित सहलाम ने तत्काल डॉक्टर रेणुका सिंह और डॉक्टर शशि अतुलकर को अस्पताल पहुंचने के निर्देश दिए । डॉक्टर अतुलकर ने प्रसूता को आवश्यक उपचार दिया । बच्ची थोड़ी कमजोर होने के चलते उसे मशीन में रखने के लिए जच्चा - बच्चा दोनों को छिंदवाड़ा भेजा गया है ।

#### आरोपी है जेल में

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी जेल में बंद बताया जा रहा है । यह मामला अमरवाड़ा थाने में दर्ज है ।

#### बच्ची की जिम्मेदारी उठाने को तैयार आर्यावर्त्त संस्था

आर्यावर्त्त वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के डायरेक्टर संतोष बाथव ने कहा कि यदि प्रसूता के परिजनों को नवजात बच्ची के पालन - पोषण को लेकर कोई दिक्कत या परेशानी हो तो उनकी संस्था बच्ची की जिम्मेदारी उठाने को तैयार है ।

### संक्रमण के खतरे से पशु मालिक चिंतित

## सियार के हमले से मर रहे पशु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया वन परिक्षेत्र में बीते कुछ समय से जंगली जानवरों का आतंक ग्रामीणों के लिए चिंता जनक बना हुआ है । कहीं तेंदुआ , कहीं जंगली सूअर तो कहीं सियार के हमले होने की खबरें आ रही है । हाल ही में ग्राम पंचायत धमानिया के ग्रामीणों ने सियार के हमले से उनके पशुओं के मरने , बीमार होने और संक्रमण का खतरा होने की शिकायत पशु और वन अधिकारीयों के साथ - साथ जनपद अध्यक्ष और एस सी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष से की है ।ग्रामीण नंदू ग्वालवंशी ने बताया , कि दो माह से उनके ग्राम धमानिया में सियार (लोमड़ी) के द्वारा गांव में आकर उनके पशुओं को शिकार बनाया जा रहा है । उचित उपचार नहीं होने के चलते उनके पशु बीमार होकर मर रहे हैं । इस मामले में पशु चिकित्सकों और वन विभाग के लोगों को कई बार बताया गया , लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं ली । जिन पशुओं को सियार काट रहे हैं वे बीमार पड़ रहे हैं । लंबे समय तक पशुओं के बीमार रहने के चलते गांव में संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है । इस मामले में जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी और एस सी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक आम्रवंशी से सहयोग मांगा गया है , उन्होंने अधिकारीयों से बात कर समस्या का समाधान कराने की बात कही है ।

## लोधीखेड़ा पुलिस ने किया अंधे हत्याकांड का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोधीखेड़ा पुलिस ने बीते दिनों हुए अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस ने आज पुलिस द्वारा एक जघन्य सनसनीखेज मामले के आरोपी को 24 घंटो के भीतर गिरफ्तार किया गया। पकडे गये उक्त आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र की जनता ने पुलिस की त्वरीत कार्यवाही की क्षेत्र की जनता के द्वारा प्रशंसा की गई।

**आरोपी से जप्तशुदा साम्रगी-**

1. घटना मे प्रयुक्त पत्थर
2. घटना समय मे पहने हुये खून से सने स्वंय के कपडे
3. घटना के समय पहनी हुयी खून के धब्बे लगे चप्पल

**गिरफ्तार आरोपी** - राजकुमार उर्फ राजेन्द्र पिता सुखपाल कवरेती उम्र 37 साल निवासी वार्ड न 13 ग्राम गडिया थाना बिछुआ जिला छिन्दवाडा हाल निवास जामसावली हनुमान मंदिर के सामने टेकडी थाना सौसंर

**महत्वपूर्ण भूमिका** - निरी. ए.बी.मर्सकोले थाना प्रभारी लोधीखेडा, निरीक्षक रूपलाल उइके थाना प्रभारी सौंसर, उनि. लेखराम पहाडे, उनि अनिता सराठे सायबर सेल प्रभारी पांढुर्णा, सउनि मोहन पंवार सउनि श्याम सिसोदिया सउनि महेश सरयाम, प्रआरअजय रघुवंशी, आर. चंद्रकिशोर रघुवंशी, भाग्यश्री, लाखन सिंह चौहान, अनिल लोखंडे, दीपक पहाडे, संदीप डहेरिया, सुमत धर्वे, इसरार खान, दुर्गेश धुर्वे आर कल्याण, थाना सौसर से आर मनीष टेंभरे, आर अखिलेश प्रताप सिंह आर अखिलेश, सुरेश महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वनविभाग ने पकड़ी बबूल की लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



वन परिक्षेत्र चौरई के द्वारा लकड़ी का अवैध परिवहन पर कार्यवाही वन परिक्षेत्र चौरई अंतर्गत बबुल की लकड़ी भरकर अवैध परिवहन करता हुआ ट्रक क्रमांक mp 09 HG 0105 चांद के समीप ग्राम मोघर से वन हमले के द्वारा पड़कर कार्यवाही की गई जिसमें बन मंडलाधिकारी एल के वासनिक के निर्देशन में परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री वंदना पाल (रेंजर ) अपने उपस्थिति दिनांक से ही चौरई स्टॉप के साथ टीम तैयार कर कार्यवाही को अंजाम दिया संबंधित बबुल की लकड़ी से भरे ट्रक को कार्यवाही कर परिक्षेत्र कार्यालय चौरई में खड़ा कराया गया प्रकरण क्रमांक 36412/17 दिनांक 22/7/25 नग 21=2.676 घन मीटर जिसकी अनुमानित कीमत 55000 हजार रुपए आंकी गई कार्यवाही में शामिल सुश्री वंदना पाल बसंत बैस डिप्टी रेंजर चौरई अरुण सेंगर डिप्टी रेंजर रवि सिंह वर्मा डिप्टी रेंजर संजय यादव आशीष शुक्ला मनीष जैन सुनील यादव शहनवाज सिद्दीकी अनिल सराठे नेहा रघुवंशी शशि एवं संजू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






## नगर निगम ने गोलगंज में धराशायी किया जर्जर मकान



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निगम के अतिक्रमण दल एवं **pwd** शाखा द्वारा छोटी माता वार्ड क्रमांक 31 गोलगंज स्थित जीर्ण शीर्ण भवन को ध्वस्त किया गया। इस भवन में श्री विद्यापीठ, संस्कृत पुस्तकोन्ति सभा, निवासी मोहल्ला तरहटी परगना जिला-इटावा उत्तरप्रदेश , अभय कोठारी, हिमेश शुक्ला , दीप गुप्ता (गणेश इलेक्ट्रानिक्स) निवासरत थे। वार्ड क्रमांक 31 छोटी माता मंदिर वार्ड गोलगंज छिन्दवाड़ा में स्थित उक्त भवन जिसका भवन क्रमांक 620 नजूल सीट नं. 17, भूखंड क्रमांक 171/1,174/1, मे स्थिति था। इस भवन को तोड़ने के पूर्व नगर निगम द्वारा नोटिस जारी कर बताया गया था कि उक्त भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। जिसकी दीवारे क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो चुकी हैं। नोटिस जारी होने एवं पर्याप्त अवसर देने के बाद भी उक्त भवन को हटाने की कार्यवाही निवासियों द्वारा नहीं की गई। भवन के अचानक धराशायी होने से जनधन की हानि होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए उक्त भवन को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया।

## बिना रोक-टोक बालू रेत का अवैध खनन व भंडारण एवं परिवहन, निरंकुश रेत माफिया

### जिम्मेदारों ने दे रखी है खुली छूट, फायदा उठा रहे हैं रेत के ठेकेदार व अवैध खननकर्ता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई, भुजेन्द्र शर्मा

क्षेत्र में गत कई माह से रेत माफिया निरंकुश रूप से बालू रेत का अवैध खनन व परिवहन कर रहे हैं। बिना किसी राजस्व के रेत माफिया चाँद स्थित पेच नदी से रेत का खनन कर औने-पौने दाम में रेत बेच रहे हैं।पूरा चाँद क्षेत्र रेत माफियाओं के निशाने पर है। जबकि जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर चुप्पी साध रखी है। इसके चलते रेत माफिया बेधड़क होकर रेत का खुलेआम परिवहन कर विक्रय कर रहे हैं।चाँद क्षेत्र हमेशा रेत माफियाओं के निशाने पर रहा है। क्षेत्र के रेत माफिया बिना किसी राजस्व का भुगतान किए धड़ल्ले से रेत का अवैध कारोबार करते हैं। कोई दिन के उजाले में खनन करता है, तो कोई रात के अंधेरे में।। चाँद के इस प्रमुख क्षेत्र के रेत माफियाओं ने निशाना बना रखा है।शाम ढलते ही रेत माफिया डम्फर के माध्यम से टापू पर पहुंचकर रेत भरकर ला रहे हैं। जहां से ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर रेत खरीददारों तक महंगे दामों में पहुंच रही है। चाँद क्षेत्र पर हो रहे इस अवैध खनन पर जिम्मेदार अधिकारियों ने मौन साध रखा है। वहीं इस क्षेत्र से जुड़े होने का दावा करने वाले जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व संगठनों ने भी संदेहास्पद चुप्पी साध रखी है।

#### अवैध रूप से कर रखा है भंडारण

क्षेत्र के कई रेत माफियाओं ने वर्षा के पूर्व से ही बालू रेत का अवैध रूप से भंडारण कर रखा है। अवैध रूप से तटों पर पेंच के गर्भ से निकाली गई रेत को संग्रहित कर अब औने-पौने दामों में खरीददारों को बेची जा रही है। शाम ढलते ही रेत के अवैध भंडारों से रेत ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर क्रेताओं तक सप्लाई की जा रही है।चाँद नगर से लेकर आसपास के कई गांवों जिनमे -चाँद ढाना, परस गांव, गोदड़देव, कौआखेड़ा, चिखली,चाँद मण्डी के सामने में रेत का अवैध भंडारण कर माफिया अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। जबकि जिम्मेदार अधिकारी किसी तरह की कार्रवाई न कर इन्हें खुला समर्थन दे रहे हैं।

#### एक माह पूर्व हुई थी कार्रवाई

बालू रेत के अवैध खनन कर भंडारण के खिलाफ कार्रवाई के मामले में खनिज विभाग लापरवाह बना हुआ है। विभाग छुटपुट कार्रवाई कर कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर इतिश्री कर लेता है। पिछली बार करीब एक माह पूर्व कार्रवाई की गई थी। इसमें क्षेत्र कौआ खेड़ा से लगभग हजार डम्फर रेत जब्त किया गया था.किंतु उस दिखावटी कार्रवाई का नाममात्र भी असर रेत माफियाओं पर नहीं पड़ा।इसके बाद फिर से धड़ल्ले से रेत का अवैध खनन, भंडारण,परिवहन व विक्रय कर प्रशासन की नाक के नीचे से मोटी कमाई की जा रही है। जबकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक शिकायत में चाँद क्षेत्र के रेत माफियाओं की नामजद शिकायत भी की जा चुकी है। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी श्री परमार को मोबाइल पर कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## 90 लाख की धोखाधड़ी करने वाली रीना रघुवंशी पुलिस के गिरफ्त में

**छिंदवाड़ा।** पुलिस ने 90 लाख रुपये की धोखाधड़ी और अदालत को गुमराह करने के मामले में साध्वी लक्ष्मी दास (असली नाम रीना रघुवंशी) को गिरफ्तार कर लिया है। वह होशंगाबाद जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के चंद्रकलां गांव में धार्मिक अनुष्ठान करा रही थी, तभी पुलिस ने उसे घेर लिया। हालांकि, जब उसे पुलिस के आने की भनक लगी तो वह चुपके से भाग गई, बाद में पुलिस ने उसे नाव से जाकर दबोच लिया। साध्वी लक्ष्मी दास पर आरोप है कि उसने छिंदवाड़ा जिले के चांद क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध रामजानकी मंदिर के पूर्व महंत स्व. कनक बिहारी दास के बैंक खाते से 90 लाख रुपये निकाल लिए। इस मामले में साध्वी के पीए मनीष सोनी सागर निवासी अभी भी फरार है, और पुलिस को उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। साध्वी ने मनीष सोनी के बैंक खाते में 50 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे।



**गिरफ्तारी की वजह:** साध्वी की अग्रिम जमानत याचिका मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों में खारिज हो गई थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि साध्वी और उनके भाई ने जानबूझकर अदालत से तथ्य छिपाए और उसे गुमराह करने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वह होशंगाबाद के शिवपुर थाना क्षेत्र के चंद्रकलां गांव के समीप है, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

**अगली कार्रवाई:** पुलिस साध्वी को छिंदवाड़ा लेकर गई है, जहां पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस अभी तक मनीष सोनी का कोई सुराग नहीं लगा पाई है और उसकी तलाश जारी है ।




## बल्ली के बदले सेंटरिंग को सागौन के पेड़ से दिया बांध

# रिटर्निंग वॉल निर्माण में सचिव बीआरसी के सहयोग से लगातार मिटा रहा सागौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया



तामिया ग्राम पंचायत सचिव एवं बीआरसी जिनके ऊपर वृक्षारोपण कराने की जिम्मेदारी सरकार ने दे रखी है, लेकिन इन्हीं दोनों के कारण वेश कीमती सागौन के पेड़ों को किस कदर बर्बाद किया जा रहा है। इसका नजारा यदि किसी पर्यावरण प्रेमी या अधिकारी को देखना है तो बीआरसी कार्यालय के पीछे बहने वाली नदी में अनावश्यक रूप से पंचायत द्वारा भ्रष्टाचार करने के लिए रिटर्निंग बाल निर्माण करवाया जा रहा है, लेकिन यही रिटर्निंग बाल पर्यावरण की दुश्मन बन बैठी और यहां पर पंचायत द्वारा एनजीटी का खुला उल्लंघन भी किया जा रहा है। वही बीआरसी कार्यालय में बरसों पूर्व लगाएं गये अनमोल सागौन के पेड़ों को भी चंद रूपए बचाने के चक्कर में कैसे जमीं दोज किया जा रहा है उसे देखा जा सकता है। पेड़ों को जमीं दोज करने से भी इनका मन नहीं भरा तो पंचायत सचिव रिटर्निंग बाल में कंक्रीट करने हेतु फ्यूरी मशीन ले जाने के चक्कर में सागौन के पेड़ तो उखाड़े ही लेकिन बचे खुचे इक्का-दुक्का पेडो को भी नष्ट करने से पीछे नहीं है क्योंकि इन्होंने कंक्रीट करने के लिए जो व्यवस्था बनाई है उसमें भी इन्होंने पेड़ उखाड़ने के लिए जुगाड़ बना डाला और उनमें कंक्रीट पहुंचने वाले लोहे की सेंटरिंग को इन सागौन के मझोले पेड़ों से बांधकर इन पेड़ों को भी नष्ट करने में जरा सी भी संवेदना नहीं दिखलाई और उनको रस्सी से बांधकर उनको कमजोर करने एवं नष्ट करने का काम किया है। इस बीआरसी परिसर में बन रही दीवार में जहां एनजीटी का उल्लंघन हुआ है, वहीं पर्यावरण के अलावा सागौन के पेड़ों को भी नष्ट किया गया है। इसके लिए सामूहिक रूप से तामिया ग्राम पंचायत सचिव बीआरसी क्लस्टर उपयंत्री सहायक यंत्री पूर्ण रूप से सागौन के पेड़ों को हानी पहुंचने के दोषी हैं, लेकिन इन पर जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाना सागौन के पेड़ों को हानी पहुंचाने का मुख्य कारण रहा है।

## ओवरलोड रेत के ट्रैक्टरों से नागद्वारी मेले में दुर्घटना की आशंका

**तामिया।** नाग पंचमी पर पचमढ़ी में लगने वाले मेले में विदर्भ की ओर से आने वाले श्रद्धालु जो अपनी मनोकामना पूर्ण करने नागद्वारी मेले में पहुंचकर श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना करने आते हैं। इनमें सर्वाधिक श्रद्धालु इस मेले में पहुंचते हैं। हजारों की संख्या में अपने-अपने वाहनों से आने वाले श्रद्धालु पचमढ़ी में पहुंचकर वहां से दुर्गम रास्ता कहकर पैदल पहुंच रहे हैं! जैसे-जैसे नाग पंचमी नजदीक आ रही है। श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कार जीप के साथ-साथ दो पहिया वाहन भी ज्यादा तादाद में निकलेंगे तो निश्चित ही यातायात व्यवस्था अवस्थित होगी? इसके लिए अभी तक छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा कोई यातायात संभालने व्यवस्था इस क्षेत्र में नजर नहीं आ रही है! जिस कारण मनमाने तरीके से वाहन निकल रहे हैं, लेकिन दुर्घटना की संभावना से तामिया पुलिस ने अभी तक यातायात संबंधी कोई सतर्कता बरतने के संकेतक नहीं लगाये हैं। लेकिन इससे भी गंभीर लापरवाही इन दिनों रात में कुआं वादला क्षेत्र से कोयलांचल तक रेत के दर्जनों ओवरलोड ट्रैक्टर निकल रहे है। ये अंधी गति से इसलिए भागते हैं क्योंकि चोरी की रेत अपने मुकाम तक सुरक्षित पहुंच सके लेकिन रेत ले जाने की जल्दबाजी में कहीं ओवरलोड रेत के ये ट्रैक्टर दुर्घटना का कारण ना बन जाए। इस ओर पुलिस को कम से कम इन ओवरलोड रेत भरकर ले जा रहे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई नहीं कर सकते तो उन पर तिरपाल ढँक कर उड़ती रेत रोका जा सकता है। इस तरह तामिया पुलिस ने ने यदि शीघ्र ही मेले दौरान में ओवरलोड रेत के ट्रैक्टरों पर रोक नहीं लगाई गई तो ओवरलोड वाहनों से रेत जो उड़ती है! एवं सड़क पर गिरती है। दुर्घटना रोकने तामिया पुलिस एवं देलाखारी चौकी को यातायात नियम के तहत इन पर कार्रवाई करनी चाहिए जिससे ओवरलोड रेत के वाहनों से कोई दुर्घटना ना घट सके। इसको रोकने की जिम्मेदारी तामिया एवं देलाखारी पुलिस की है। रेत खनन पर एनजीटी द्वारा वर्तमान में रोक लगा रखी है। लेकिन खनिज निरीक्षक जो इन रेत चोरों की संरक्षण दाता बनी हुई है। उस कारण रेत की चोरी हो रही है और उनकी लापरवाही के कारण पुलिस विभाग एवं मेले में जाने वाले भक्तों को परेशानी के रूप में रेत के वाहनों के कारण भुगतना पड़ रहा है।



## सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाये हमः यादव

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत चौरई कॉलेज में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चौरई




भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय चौरई में मंगलवार को आयोजित बृहद पौधारोपण अभियान में शामिल हुए। उक्त पौधारोपण कार्यक्रम में भाजपा के जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ताओं ने प्रकृति बचाने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि पेड़ की महत्वता रेगिस्तान में रहने वाले लोगों से अच्छा कोई नहीं जान सकता। उन्होंने कहा कि हमारा जिला चारों ओर से हरा भरा है और ये हरियाली हमारे पूर्वजों की देन है। उन्होंने कहा कि हमारी लापरवाही से अब हमारे जिले में भी जंगल कम होने लगे हैं और जंगल कम होने से बारिश कम हो जाती है, बारिश कम होती है तो फसलों का उत्पादन कम हो जाता है, जो हमारी आर्थिक स्थित पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि जंगल के कम होने का असर आर्थिक के साथ साथ स्वास्थ्य पर भी होता है। उन्होंने कहा कि एक बात हमेशा याद रखना चाहिए कि सांसे हो रही कम,आओ पेड़ लगाये हम। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव जी के साथ वरिष्ठ भाजपा लखन वर्मा, कार्यक्रम जिला संयोजक गुरजीत सिंह शंटी बेदी, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती नीलू निर्मलकर, अवनीश पप्पू सोनी, राजवंश ठाकुर,शैलेन्द्र रघुवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, मंडल अध्यक्ष कुडा धरम वर्मा, आनंद भारद्वाज, ऋषि पटेल, भाजपा नेता विजय पांडे, अजय सक्सेना, दिवाकर सदारंग, भारत घई, राहुल बंटी उईके, प्रमोद शर्मा, संजीव रंगू यादव, अभिलाष गोहर, लोकेश डेहरिया, राकेश माइकल पहाड़े, कृपाशंकर सूर्यवंशी, अलकेश साव, अनीष पटेल, गोविंद दंताले, मनीष पटेल, अभिलाष साहू मौजूद रहे।

## खुलेआम बिक रही अवैध शराब और गांजा, पुलिस करें कार्यवाही

**सौंसर।** मोहगांव नगर पंचायत में चल रहे अवैध व्यवसाय को लेकर युवाओं केथाना प्रभारी को मोहगांव नगर में अवैध रूप से गांजा एवं शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सोपा गया है। ज्ञापन में कांग्रेस नेता जुबेर अली ने बताया किमोहगांव हवेली नगर में गांजा एवं शराब अवैध रूप से बेची जा रही है, जिसमें सौसर और ग्रामीण क्षेत्रो के लोग महोगांव नगर आकर सुबह 6 बजे से रात के 10 बजे तक गांजा एवं शराब बेचने हेतु सक्रिय रहते हैं,जिसकी वजह से नगर मोहगांव का नाम एवं वातावरण खराब हो रहा है साथ ही बच्चे नौजवान और बूढ़े भी इसका शिकार हो रहा है और इस नशे से हजारों परिवार बर्बाद हो रहे है,मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी धार्मिक स्थलों पर शराब बिक्री प्रतिबंधित करने का फैसला लिया है। साथ ही मध्य प्रदेश पुलिस भी आए दिनों नशा मुक्ति अभियान चला रही है,और मोहगांव नगर में गांजा और शराब माफिया शासन प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जब सरकारी शराब का ठेका नगर में चल रहा है तो भी अवैध रूप से शराब की बिक्री नगर में कैसे हो रही है, इस पर आबकारी विभाग ने कार्रवाही करनी चाहिए, 15 दिनों तक कार्रवाई के अभाव मेंपुलिस अधीक्षक कार्यालय पांढुर्ना में 1 दिन के लिए वह भूख हड़ताल पर बैठूगा, इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर ब्रामहे कार्यवाहक अध्यक्ष अंसार खान.कार्यवाहक अध्यक्ष कपिल गाडेकर. अंकुश उइके अशरफ अली दिनेश वंजारी विक्की उपस्थित थे



## केंद्रीय मंत्री के परिवार ने पहुंचकर हनुमान लोक में किया अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर



मंगलवार को भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के परिजनों ने चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली में पहुंचकर भगवान श्री मूर्ति दर्शन पूर्णाहुति एवं अनुष्ठान कार्यक्रम में संपन्न होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान केंद्रीय सड़क मंत्री श्री गडकरी के सुपुत्र निखिल गडकरी,पुत्रवधू श्रीमती ऋतजा गडकरी ने जामसांवली धाम में लगातार पांच मंगलवार तक चली श्री हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना का पूर्णाहुति अनुष्ठान पूर्ण किया। इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान के दौरान कांचन ताई गडकरी,सारंग गडकरी, श्रीमती मधुरा गडकरी, श्रीमती केतकी गडकरी कासखेड़ीकर, आदित्य कासखेड़ीकर, सहित गडकरी परिवार सदस्य उपस्थित थे।पूजा-अर्चना के समापन के उपरांत, गडकरी परिवार ने मंदिर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया और अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान गडकरी परिवार के सदस्यों का चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं ट्रस्टी संदीप मोहड़ आदि के द्वारा मंदिर संस्थान की ओर सेगडकरी परिवार का सम्मान स्वागत करते हुए उन्हें श्री मूर्ति की प्रतिकृति भेंट की।मंदिर संस्थान उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकर, तथा ट्रस्टीगण श्री मनोहर शेलकी जी,पांडुरंग बोबडे,विठ्ठल डवरे, अजय धवले,आदि उपस्थित थे।

### पटवारी को गलत जानकारी देकर जमीन की करवा ली फर्जी रजिस्ट्री

## रजिस्ट्री में दूसरे स्थान की फोटो लगाकर किया प्रशासन को भ्रमित

### डबलमनी के आरोपियों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर ईडी ने लगा रखी है रोक, शिकायतकर्ता ने की पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले का चर्चित डबल मनी मामला जिला ही नहीं अपितु देश के अनेक राज्यों तक फैला हुआ हैं। पुलिस ने इस मामले में अनेक आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा है तो कई अभी फ रारी पर हैं। डबल मनी मामले में जितने भी करोड़पति आरोपी है, उनकी चल-अचल संपत्ति की खरीदी-बिक्री पर राज्य सराकर और ईडी ने रोक लगा रखी है। लेकिन लांजी जनपद अंतर्गत ग्राम बोलेगांव, जो की डबल मनी का गढ़ माना जाता है। यहां पर डबल मनी के आरोपी की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री होने से इस मामले ने सब को हैरत में डाल दिया है। ये मामला तब सामने आया, जब शिकायतकर्ता विजय कुमार मिश्रा ने मामले की उप पंजीयक के अलावा एसपी बालाघाट से शिकायत कर जांच की मांग कर दोषी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। वहीं इस मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है की आरोपियों द्वारा शासन-प्रशासन को गुमराह करते हुए रजिस्ट्री में प्रतिबंधित भूमि की फोटो न लगाकर अन्य स्थान की फोटो लगाई गई है जो गैरकानूनी है।

**यह है पूरा मामलाः** लांजी के डबल मनी का गढ़ ग्राम बोलेगांव निवासी कोमिन पति धनराज आमाडारे 25 वर्ष ने जमीन को ग्राम बिसोनी निवासी भूनेश्वरी बेदरे पति राजकुमार बेदरे 42 वर्ष को बेच दी हैं। इसमें खास बात यह है कि जो जमीन बेची गई है वह डबल मनी के आरोपी के स्वामित्व में हैं और प्रवर्तन निदेशालय और राज्य सरकार के निर्देशानुसार डबलमनी प्रकरण में आरोपी की न तो जमीन बेच सकते है और नहीं कोई खरीद सकता है। ऐसे में इन सबके बीच गवाह नसीमुद्दीन खान ने सब खेल रच दिया। इसके द्वारा पटवारी इंद्रपाल मड़ावी को गलत जानकारी देकर सेवा प्रदाता चंद्रकांत किरनापुर पिता सेवकराम किरनापुरे से खसरा नक्शा निकलवा लिया। फिर दूसरी जगह की जमीन की फोटो दस्तावेजों पर चस्पा करवा दी गई और डबल मनी के आरोपी की जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी रजिस्ट्री करवा ली गई। मामले में पटवारी ने डबल मनी के आरोपी की जमीन नापी या फिर दूसरी जमीन नापकर ये सब कारनामा किया वो तो सच सामने आएगा ही, लेकिन गवाह नसीमुद्दीन खान द्वारा शासन-प्रशासन को गुमराह करते हुए प्रतिबंधित जमीन की खरीद-फरोख्त करवा ली। और अब इडी द्वारा प्रतिबंधित जमीन का खसरा रजिस्ट्री के बाद जारी होने का हवाला दिया जा रहा है।

**गवाहों और पटवारी पर सख्त कार्रवाई की मांगः** शिकायतकर्ता विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि जमीन बेचने वाली कोमिन आमाडारे और खरीददार भूनेश्वरी बेदरे तथा सेवा प्रदाता चंद्रकांत पिता सेवकराम किरनापुरे द्वारा डबलमनी के आरोपी की जमीन को फर्जी यानी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बिकवा कर प्रवर्तन निदेशालय एवं राज्य सरकार के आदेशों का उल्लंघन किया गया है। इसमें पटवारी इंद्रपाल मड़ावी की भी भूमिका संदिग्ध है, क्योंकि बिना पटवारी के ऐसा खेल हो पाना संभव नहीं है। इन सभी आरोपियों ने मिलकर लांजी पटवारी हल्का नंबर 19/60 लांजी में स्थित खसरा नंबर 27/23 का रकबा 0.024 हेक्टेयर 240 वर्गमीटर भूमि है। इसकी फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर ली गई है। राज्य सरकार और ईडी के प्रतिबंध आदेश के बाद भी सरकारी नौकर पेशाओं पटवारी व सेवा प्रदाता ने खरीदी व बिक्री वालों से मिलकर एक गवाह नसीमुद्दीन के इशारे पर ऐसा कर दिया कि पुलिस से लेकर सबको हैरान करने वाली बात हो गई है। हालांकि, मामले में शिकायकर्ता ने इन सभी संलिप्त आरोपियों पर एसपी, प्रवर्तन निदेशालय, थाना प्रभारी लांजी और उप पंजीयक लांजी से दंडात्मक कार्रवाई की मांग की हैं।

**झूठ बोलकर प्राप्त किया गया नक्शाः** उक्त मामले में नक्शा प्रदान करने वाले पटवारी इंद्रपाल मड़ावी द्वारा बताया गया की कोमिन आमाडारे द्वारा भूमि के खरीदी-बिक्री के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। साथ ही जिस स्थान का रजिस्ट्री में फोटो चस्पा किया गया है वह भी गलत है। उन्होने बताया की कोमिन आमाडारे द्वारा नक्शा प्राप्त करते समय लोकसेवा केंद्र में शुल्क अदायगी के लिये नक्शे की जरूरत होने की बात कही गई थी परंतु जमीन की खरीदी बिक्री से संबंधित कोई भी जानकारी हमें नहीं दी गई थी जिसके कारण हमे जमीन के बेचे जाने के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई। अगर भूमि स्वामी द्वारा हमें खरीदी बिक्री के संबंध में अवगत कराया जाता तो हमारे द्वारा चर्तुसीमा नक्शे में खरीदी बिक्री का उल्लेख करके नक्शा प्रदान किया जाता है।

## हुड़की तालाब में हुआ जलभराव : पार फूटे इससे पहले नप कटंगी ने तुड़वाई पार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 05 की सिंधी कॉलोनी और इसके आस-पास के बसाहट में जलभराव को रोकने के लिए जिस हुड़की तालाब की पार को नगर परिषद ने 12 जुलाई को बंद करवाया था. अब उसी तालाब की पार फुटकर कहीं तबाही ना मचा दें इस डर से नगर परिषद ने मंगलवार को तालाब की पार को तुड़वा दिया है. सोमवार और मंगलवार को हुई बारिश के बाद हुड़की तालाब में भारी मात्रा में जलभराव हो गया और तालाब की पार कभी भी फूट सकती है. यह संज्ञान में आते ही तालाब की पार को तोड़ा गया. जिसके बाद तालाब का जलस्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है. बता दें कि गत दिवस 08 जुलाई को अनवरत बारिश के बाद वार्ड क्रमांक 05 में भारी मात्रा में जलभराव हुआ था. बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी. स्थानीय रहवासियों के घरों में 3 से लेकर 4 फीट तक पानी भर गया था. सिंधी कॉलोनी के हाल बेहाल हो गए थे. यहां बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने के बाद लोगों को भयंकर नुकसान हुआ. प्रशासन की तरफ से आज तक नुकसानी का सर्वे नहीं करवाया गया है।

गौरतलब हो कि वार्ड क्रमांक 05 में 08 जुलाई को जो हालात बने थे. उसके बाद लोगों ने भयंकर आक्रोश था और गुस्साई जनता ने जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरों को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी. नगर परिषद उपयंत्री राजेश चौकसे सभी के रड़ार पर थे. 09 जुलाई को विधायक गौरव सिंह पारधी ने जलभराव से उत्पन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम, सीएमओ से स्थानीय विश्राम गृह में चर्चा की और अधिकारियों को तुरंत सर्वे कर तकनीकी स्तर पर समाधान के खोजने के लिए कहा था. 11 जुलाई को एक तकनीकी टीम ने वार्ड क्रमांक 05 का दौरा किया और पाया कि हुड़की तालाब में प्लाटिंग की वजह से बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हुई थी. तकनीकी टीम के निरीक्षण के बाद एसडीएम के.सी.ठाकुर को अपनी रिपोर्ट दी. एसडीएम ने तब कहा था कि उन्होंने कलेक्टर को एक प्रस्ताव भेजा था जिसके बाद टेक्निकल इंजीनियरों की एक टीम गठित की गई. इस टीम ने वार्ड का निरीक्षण किया. जिसने पाया कि हुड़की तालाब की पार को खोलने से पानी वार्ड क्रमांक 05 में घुसा. एसडीएम ने नगर परिषद से हुड़की तालाब की पार को बंद करने के लिए कहा. 12 जुलाई को तालाब की पार को बंद कर दिया गया किंतु बारिश के बाद जब हुड़की तालाब ही उफान मारने लगा और तालाब की पार फूट ना जाए इस डर से नगर परिषद ने तालाब की पार को दो अलग-अलग हिस्सों से तोड़कर पानी को बहाया है. जिससे तालाब का जलस्तर कम हो रहा है।

**तालाब में हुई प्लाटिंगः** करीब 4 सौ साल पुराना हुड़की तालाब राजस्व रिकार्ड के अनुसार अलग-अलग लोगों की निजी संपत्ति है. सूत्र बताते है कि इस तालाब की जमीन की एक नहीं बल्कि करीब 3 से 4 बार खरीदी-बिक्री की गई. अभी वर्तमान में जिन लोगों के नाम तालाब की जमीन दर्ज है. उन्होंने यहां पर प्लाटिंग कर दी है कुछ लोगों ने खेती की है. जिससे तालाब नष्ट हो गया हैं. खमरिया गांव का बरसात का पानी प्राकृतिक प्रवाह के साथ बहते हुए हुड़की तालाब में आकर जमा होता था परंतु अब तालाब ही नहीं बचा है तो यहीं बरसात पानी वार्ड क्रमांक 05 में जलभराव की स्थिति पैदा कर रहा है. जबकि जलभराव का दूसरा कारण पानी निकासी की उचित व्यवस्था ना होना है. वार्ड क्रमांक 05 में बारिश का पानी ढलान की ओर यानी सिनेमा चौक के नाले की तरफ बहता है. सिंधी कॉलोनी में तो नाले का आकार करीब 08 फीट चौढ़ा है किंतु यहां से आगे बढ़ते ही नाले की चौढ़ाई महज ढाई फीट की रह जाती है. जिससे बारिश के पानी की निकासी में रुकावट आती है. दरअसल, नगर परिषद को सिर्फ इतना करना था कि सिंधी कॉलोनी से होकर सिनेमा चौक की तरह बहने वाले नाले को खाली रखना था ताकि बरसात के पानी के रास्ते में रुकावट ना आए और इस बात का भी ध्यान रखना था कि नाले के ऊपर जो निर्माण हो रहा है वह पानी के प्रवाह को प्रभावित ना करें. मगर, जिम्मेदारों से यह काम नहीं हो पाया. नाले के रास्ते पर पक्की इमारते खड़ी हो गई और नेताओं से लेकर अफसर धतृराष्ट्र बन गए।

## शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में बैग लेस डे पर आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विकासखंड वारासिवनी अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार बैग लेस डे के तहत गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने आर्ट एवं क्राफ्ट अंतर्गत ड्राइंग, पेंटिंग, मिट्टी के खिलौने बनाना, गमला पेंटिंग, डॉल निर्माण, गुलदस्ता निर्माण आदि कार्य किए।

यह कार्यक्रम शाला प्रमुख सविता रिनायत एवं शिक्षक धन्नालाल बिसेन व रूपसिंह उइके के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

शाला शिक्षक धन्नालाल बिसेन ने जानकारी दी कि राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार माह के किसी भी एक शनिवार को माध्यमिक शाला में बैगलेस डे अंतर्गत गतिविधियां आयोजित करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी के तहत पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष में जुलाई माह में शनिवार को बैग लेस डे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दिन बच्चों को बिना बस्ते के विद्यालय बुलाया जाता है तथा गतिविधि का क्षेत्र पहले से बता दिया जाता है। बच्चे उस गतिविधि से सम्बन्धित तैयारी से विद्यालय आते हैं तथा विद्यालय स्तर से भी सामग्री प्रदान की जाती हैं। विद्यार्थी अपनी पसंद के क्षेत्र पर कार्य करते हैं।

## हर्ष ठाकुर ने नेट परीक्षा में 94 परसेंटाइल अंक हासिल किए

**वारासिवनी।** वारासिवनी नगर की प्रतिभाएं नए सोपान पर अपना परचम लहराती नजर आ रही हैं। नगर में खेल प्रतिभाओं को आकार देने वाले एवं प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार गणेश सिंह ठाकुर के छोटे सुपुत्र हर्ष प्रताप ठाकुर द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 2025 में अंग्रेजी विषय से प्रथम प्रयास में ही 94 परसेंटाइल के साथ सफलता अर्जित की है । इसके बाद आप हर राज्य असिस्टेंट प्रोफ़ेसर परीक्षा एवं पी एच डी हेतु पात्रता रखते है। आप भावी पीढ़ी हेतु बहुमुखी प्रतिभा संपन्न होने का उदाहरण है । ज्ञात हो कि हर्ष ठाकुर आइडियल एकेडमी वारासिवनी में उप प्राचार्य के रूप में कार्यरत होने के साथ अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, व्यावसायिक अध्ययन कॉमर्स के एक कुशल शिक्षक एवं बैडमिंटन के निपुण खिलाड़ी भी हैं।



## किसान के घर से 90 हजार रुपए की नकदी की चोरी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बेटे की पढ़ाई, कृषि कार्य और दैनिक उपयोग की सामग्री के लिए एक किसान के घर में रखी 90 हजार रुपए की नकदी रकम अज्ञात चोरों ने चुरा ली है. चोरी की यह वारदात कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बोपली में 19 जुलाई को उस वक्त हुई जब किसान दिलीप राहंगडाले का पूरा परिवार खेत में कृषि कार्य करने के लिए गया हुआ था और घर सूना था. शाम को जब किसान का पूरा परिवार घर वापस आया तो घर के सामने के दरवाजे का ताड़ा टूटा देख दंग रह गया घर के भीतर देखा तो लकड़ी की संदूक का भी ताला टूटा था और वहां रखी 90 हजार रुपए की रकम गायब थी. वारदात वाले दिन यानी 19 जुलाई की शाम ही पीड़ति ने कटंगी थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने संदेह के आधार पर करीब आधा दर्जन लोगों से पूछताछ भी की लेकिन पूछताछ में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला. पीड़ति के अनुसार पुलिस के कहने पर ही उसने वारदात वाले दिन से ही मीडिया से भी दूरी बनाकर रखी किंतु वारदात के 04 दिन बाद भी जब पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पाई तो उसे मीडिया के समक्ष अपनी बात रखने के लिए आना पड़ा ताकि किसान भाई सतर्क हो जाए. 22 जुलाई को पीड़ति दिलीप राहंगडाले ने सामने आकर वारदात की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि उनके बेटे का भोपाल के एक प्राइवेट कॉलेज में एडमिशन के लिए चयन हुआ है. जिसकी फीस जमा करनी थी और अभी खेत में कृषि कार्य में आने वाले श्रमिकों को मजदूरी देनी पड़ती है घर में भी पैसा खर्च होता है इसलिए करीब 01 माह पूर्व बैंक से नकदी रकम निकाल कर लाकर घर में रखी थी. जिसकी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. पुलिस ने इस चोरी के मामले में कुछ संदेहियों से पूछताछ भी की लेकिन चोरों का पता नहीं चल पाया।



## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी का धरना प्रदर्शन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार प्रदेश एवं जिले की समस्याओं यूरिया एवं डीएपी खाद की कमी, कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, भ्रष्टाचार, नशे का बढ़ता अवैध कारोबार, स्मार्ट मीटर के कारण महंगी बिजली एवं बार-बार होती विधुत कटौती, गंदा पानी, बढ़ता टैक्स इन सभी मुद्दो को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2025, दिन बुधवार को डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी की प्रतिमा के सामने विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।
जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिला कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी, मोर्चा संगठन महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, जिला एनएसयुआई, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम, सेक्टर, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरपालिका, नगर परिषद के समस्त जनप्रतिनिधियों सहित कांग्रेस जनों से धरने को सफल बनाने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### जिले में 619.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 21 जुलाई 25 तक 619.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 21 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 538.4 मि.मी, कुरई में 304.0 मि.मी., बरघाट में 419.7 मि.मी., केवलारी में 781.4 मि.मी., छपारा 686.5 मि.मी, लखनादौन में 529.1 मिमी, धनौरा में 651.4 मिमी एवं घंसौर में 1052.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 4958.2 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

# घर में अवैध रूप से रखी सागौन चरपट चिरान पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

म.प्र. राज्य वन विकास निगम, लिगि, बरघाट परियोजना मण्डल, सिवनी के परियोजना परिक्षेत्र कान्हीवाड़ा अंतर्गत दिनांक 22.07.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर सर्च वारंट प्राप्त कर, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी कान्हीवाड़ा दिनेश कुमार झारिया एवं अधिनस्थ वन अमलें द्वारा परियोजना परिक्षेत्र कान्हीवाड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम सुकतरा तह-सिवनी जिला सिवनी निवासी फहीम खान आत्मज अमान उल्लाह खान, ग्राम सुकतरा के घर की तालाशी के दौरान अवैध रूप से रखे गये सागौन चरपट



चिरान 18 नग 0.121 घन.मी, जप्त कर, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी कान्हीवाड़ा, दिनेश कुमार झारिया द्वारा भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत उक्त आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कराकर, सफलता पूर्वक जप्ती कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में कार्यवाहक वनपाल रज्जन सिंह उड़करे,एस.सी. बरकड़े स.प.क्षे., वनरक्षक श्रीमति स्वाती अग्रवाल, वनरक्षक चैन सिंह उईके, स्थाईकर्मी राजेन्द्र कुमार बिसेन, एवन बनवाले, व अन्य सुरक्षा श्रमिक कमल किशोर सनोड़िया, देवेन्द्र कटरे, वाहिद खान उड़नदस्ता वाहन चालक का सराहनीय योगदान रहा।

# सफाई पर नहीं दिया ध्यान, उच्च अधिकारी ने थमाया नोटिस,दी चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सफाई पर नहीं दिया ध्यान अधिकारी ने थमाया नोटिस दी चेतावनी हम आपको बता दें यह मामला लखनादौन के अस्पताल का है जहां पर सफाई के लिए जिस कंपनी को ठेका दिया गया था उसके द्वारा नियमित साफ सफाई अस्पताल परिसर में नहीं की जा रही थी लगातार मरीज और उनके परिजनों के द्वारा शिकायतें मौजूद अधिकारी के पास जा रही थी जिसके चलते चिकित्सा अधिकारी ने लिखित रूप से चेतावनी दी है कि यदि आपके द्वारा अस्पताल परिसर में साफ सफाई का ध्यान नहीं दिया जाएगा तो आपके ऊपर संवैधानिक कार्यवाही की जाएगी लखनादौन शासकीय अस्पताल में इन दिनों साफ सफाई



का ठेका इंदौर की कंपनी को दिया गया है लेकिन इनके द्वारा साफ सफाई पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया



जा रहा फर्श पर गंदगी शौचालय पर गंदगी अस्पताल परिसर के आसपास गंदगी का अंबार देखने को मिल रहा है।

# विटामिन ए दवा के साथ स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

स्वास्थ्य मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन के द्वारा मृत्यु दर मे कमी व बाल संरक्षण अभियान के मद्देनजर बर्ष मे दो मर्तबा दस्तक अभियान चलाकर बच्चों से सम्बंधित सेवाये को आंदोलन के रुप मे कार्यक्रम आयोजित होते है ,इस सत्र मे दस्तक एवं स्टाप डायरिया अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितंबर तक संचालित होगा।दिनांक 22 जुलाई को नीरज रानू ठाकुर पार्षद बार्ड नंबर 12 के मुख्य अतिथ्य मे प्राथमिक कन्या शाला परिसर मे बालक हिमांश शशि अवस्थी को विटामिन ए की दवा पिलाकर शुभारंभ किया गया।
डॉ. ए के लाकरा खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल हॉस्पिटल ने बताया कि दस्तक अभियान का आशय यह है कि बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाए प्रदान की जाएगी। जिनमें निमोनिया व गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान व रेफरल एवं प्रबंधन,



डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर द्वारा एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, दस्त रोग की पहचान एवं ओआरएस एवं जिंक के उपयोग के संबंध में जागरूकता, विटामिन ए की खुराक का सेवन जैसी सेवाए प्रमुख है। कार्यक्रम में सम्मिलित डा ए के लाकरा, अशीष द्विवेदी जिला कार्डिनेटर, मिश मयूरी बनकर अंतरा फाउंडेशन सिवनी, रमाशंकर महोबिया ,सुधीर पांडेय, रफीक खान, प्रवीण दुबे पत्रकार, पवन यादव अधिवक्ता, श्रीमति शोभा धुर्वे पर्यवेक्षक महिला बाल विकास विभाग,ने उपास्तिथ पात्र हितग्रहियों को बिटामिन ए की दवा पिलायी।इस मोके पर रमनलाल ठाकुर बीईई,मंतोष नरैती बीसीएम, प्रकाश भलावी पीएसएस सिविल हॉस्पिटल, श्रीमति गंगा कुशराम, श्रीमति सपना ठाकुर एएनएम, सबीना बी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शोभना नामदेव, मनी जंघेला, पार्वती बंशकार आशा कार्यकर्ता श्रीमति विजयलक्ष्मी शिवा आशा सुपरवाइजर सहित महिलाऐ व बच्चे उपास्तिथ थे।

# आदिवासियों की ज़मीन पर वन विभाग का कब्ज़ा

## सिवनी के लखनादौन में हज़ारों आदिवासियों का फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

जिले के लखनादौन क्षेत्र में हज़ारों आदिवासियों का आक्रोश फूट पड़ा है। ग्रामीण इलाकों से आए इन आदिवासियों ने आज (21 जुलाई, 2025) स्थानीय एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रवि सिहाग को मुख्यमंत्री के नाम गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं अन्य संगठन के नेतृत्व में एक कड़ा ज्ञापन सौंपा।
उनकी बुनियादी मांग है कि वन विभाग द्वारा अवैध रूप से खड़ी फसलों में हानिकारक रसायन (पौधे फसल खरपतवार नाशक रसायन) (स$फरचट) डालकर फसलों को नष्ट कर दिया गया ज्ञापन देने आए आदिवासियों महिलाओं ने आरोप लगाया की वन विभाग की टीम ने उनकी फसलों को नष्ट किया और उनके साथ अभद्रता की उपस्थित आदिवासियों ने बताया कि हम सन 95 से उक्त भूमि में फसल लगाकर अपना भर पोषण कर रहे



है और इसी से हमारा जीवन यापन हो रहा था वन विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा फसलों में हानिकारक रसायन डाला गया वन विभाग कर्मचारियों अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जो जमीन उनसे छीनी गई उनकी पुश्तैनी ज़मीनें उन्हें तत्काल वापस की जाएं।
यह अत्याचारपूर्ण कार्रवाई तब सामने आई जब सदियों से जिस ज़मीन पर आदिवासी समुदाय का जीवन-यापन निर्भर था, उसे वन विभाग ने कथित तौर पर छीन लिया। इस गंभीर अन्याय के खिलाफ बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएँ और पुरुष एसडीएम कार्यालय के सामने एकत्रित हुए।
क्रोधित आदिवासियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा, वह सरकारी ज़मीन हमारी है! उसी पर हमारा जीवन चल रहा था और हमें वह ज़मीन फिर से प्राप्त हो सके।₹ यह सिर्फ ज़मीन का मामला नहीं है, बल्कि यह आदिवासी समुदाय के अस्तित्व, उनकी पहचान और उनके अधिकारों पर सीधा हमला है।
इस असंवेदनशील कार्रवाई ने आदिवासियों को बेघर और बेसहारा कर दिया है। सरकार और संबंधित अधिकारियों की ओर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की जा रही है ताकि इन वंचित समुदायों को उनका हक वापस मिल सके और उन्हें न्याय मिल सके।
यदि इस पर अविलंब ध्यान नहीं दिया गया, तो जिला स्तर पर आंदोलन किया जाएगा इसमें प्रमुख रूप से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगाराम मरावी सरपंच संघ लखनादौन के अध्यक्ष शोक लाल कुलस्ते पूर्व सरपंच बंजारी मोहन कुमरे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी नेता सुखलाल बरकडे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला प्रभारी हरी सिंह मरावी ने आंदोलन का नेतृत्व किया।

# पूर्व विधायक राकेश पाल की सक्रियता से केवलारी में यूरिया खाद एवं पोटाश की उपलब्धता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह से विधानसभा क्षेत्र के किसान भाइयों ने मुलाकात कर यूरिया खाद एवं पोटास की समस्या से अवगत कराया गया था। जिसमे छिंदा में 600 बैग 7 टन,सुनहरा 800बैग 36 टन,बगलई 500 बैग 25 टन,केवलारी में 600 बैग 27 टन एंव पलारी एवं समस्त सोसायटीयो में 2 दिनों में उपलब्ध हो जाएंगी।
पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने किसान भाइयों की समस्या के निवारण हेतु उपसंचालक एस के धुर्वे से दूरभाष के माध्यम से बात किया था।अब जानकारी प्राप्त हो रही हैं जल्द ही समस्त सोसायटी में यूरिया खाद उपलब्ध हो जाएंगी।केवलारी विधानसभा क्षेत्र में हो रही यूरिया खाद एवं पोटाश की समस्या का निराकरण



हो गया हैं। धीरे-धीरे समस्त सहकारी समिति,सोसायटी एवं डबललॉक में यूरिया की उपलब्धता हो जाएगी।यूरिया खाद एवं पोटाश की समस्या को जल्द निराकरण हेतु पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह का किसान भाईयो ने आभार प्रकट किया।

### विधायक रजनीश सिंह ने नव संकल्प शिविर में हुये सम्मिलित

21 जुलाई सोमवार को केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मांडू (मांडव) जिला धार में आयोजित नव संकल्प शिविर कार्यक्रम के आयोजन में सहभागिता किया। साथ ही विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह मांडू में कांग्रेस विधायक दल का दो दिवसीय प्रशिक्षण ने कार्यक्रम में सहभागिता कर वरिष्ठ नेताओं एवं संवाद कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।
तत्पश्चात माननीय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नव संकल्प शिविर में डिजिटल माध्यम से जुड़े और पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को आगामी रणनीति हेतु निर्देशित किया। यह नव संकल्प शिविर मांडव की ऐतिहासिक भूमि से उस आत्ममंथन की शुरुआत है, जिसमें हम केवल सरकार की नाकामियों की चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि जनता के साथ मिलकर उस वैकल्पिक रास्ते की तलाश करेंगे जहाँ पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा मूलमंत्र हों। यह शिविर उन युवा साथियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विचारशील नागरिकों का मंच है जो अब चुप नहीं रहेंगे।

# कान्हीवाड़ा में स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट!

## ग्रामीण जनता बिजली बिलों से त्रस्त, आंदोलन की चेतावनी

**कान्हीवाड़ा विधुत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम काँहीवाड़ा, छुई, उमरिया, चुटका, कटिया, कामता सहित दर्जनों ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का ऐसा बोझ पड़ा है, जिसने उनकी आर्थिक कमर तोड़कर रख दी है। ग्रामीणों में बढ़ता गुस्सा अब उबाल पर है, और जन आंदोलन की चेतावनी दी जा चुकी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बिजली बिल के नाम पर अब आम जनता का




खून चूसा जा रहा है, यह कहना है उन ग्रामीणों का, जो पहले 300-500 तक का बिल भरते थे, और अब 500 से 2500 तक के बिल से हैरान-परेशान हैं।

### स्मार्ट मीटरः पारदर्शिता का वादा, परेशानी की सच्चाई

सरकार द्वारा प्रचारित किया गया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सटीक और पारदर्शी बिलिंग देंगे, लेकिन ज़मीनी हकीकत इसके उलट है। बिजली की खपत में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं होने के बावजूद ग्रामीणों के बिल कई गुना तक बढ़ गए हैं।

### बिल नहीं चुकाया, तो कनेक्शन काट ,फिर वसूला गया जुर्माना

ग्रामीणों का कहना है कि समय पर बिल जमा न कर पाने पर विद्युत विभाग बिना किसी नोटिस या सूचना के कनेक्शन काट देता है। और जब उपभोक्ता कनेक्शन दोबारा जोड़वाने जाते हैं, तो उनसे अतिरिक्त चार्ज लिया जाता है। यह वसूली ग्रामीणों के अनुसार अनुचित और अन्यायपूर्ण है।

### ग्रामीणों का आक्रोशःअब और नहीं सहेंगे!

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर यह अत्याचार नहीं रुका तो वे मजबूर होकर सड़कों पर उतरेंगे। हम मजदूरी करके अपने घर चलाते हैं, ऐसे में यह भारी-भरकम बिजली बिल हमारी रोजी-रोटी छीन रहा है। अगर जल्दी कोई समाधान नहीं निकाला गया, तो हम चुप नहीं बैठेंगे। एक ग्रामीण ने नाराजगी जताते हुए कहा।

### ग्राम प्रतिनिधियों ने भी जताई गहरी नाराजगी

इस मुद्दे पर ग्राम पंचायत काँहीवाड़ा के प्रतिनिधियों ने भी सख्त रुख अपनाया है। पूर्व जिला अध्यक्ष (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी) गया प्रसाद कुमरे, काँहीवाड़ा उपसरपंच अब्दुल माजिद शहज़ादे, पंच सचेद्र उइके, और रोहित वरसेकर सहित आस पास की ग्राम पंचायतो के सरपंच सहित ग्रामवासियों ने भी एक सुर में कहा किः यह स्मार्ट मीटर नहीं, स्मार्ट लूट है। गरीबों का खून चूसा जा रहा है। आने वाले दिनों में यह आक्रोश एक विशाल जन आंदोलन में तब्दील होगा और इसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 174 आवेदन

**सिवनी /** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम शाखादेही निवासी नवेसिंह मरकाम द्वारा कृषि भूमि का नामांतरण किये जाने विषयक, डूण्डासिवनी निवासी गुलाब भलावी द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम लुहारा निवासी चन्नूलाल मरकाम द्वारा पुनः सीमांकन कराये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम हरदुली निवासी इत्तोबाई द्वारा प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम मूंडापार निवासी रमसिंह पटेल द्वारा शासकीय भूमि पर हुये अतिक्रमण को हटाये जाने विषयक, धनौरा निवासी भजनलाल साहू द्वारा नक्शा की प्रमाणित प्रति प्रदान किये जाने विषयक, ग्राम बजरवाडा थाना बंडोल निवासी टीकाराम साहू द्वारा खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक, ग्राम मढदेवरी तहसील लखनादौन निवासी गोपाल प्रसाद कुशवाह द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम छिडियापलारी चूनाभट्टी सिवनी निवासी तोहित खान द्वारा आधार कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम माहुलझिर स्कूल मोहल्ला धनौरा निवासी आशा बाई द्वारा प्रधानमंत्री किसाना सम्मान निधि योजना व मुख्यमत्री किसान कल्याण निधी योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम राईखेडा केवलारी निवासी शशि मर्सकोले द्वारा पीएमएफयोजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बंडोल निवासी रघुनंदन यादव विषयक, सहित कुल 174 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

# शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुए मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार मंगलवार 22 जुलाई को जिले की बरघाट विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अरी में सरपंच पद के लिए 07 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। अरी में कुल 75 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 1351 महिलाओं एवं 1405 पुरूषों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। इस तरह लखनादौन विकासखंड के ग्राम पंचायत धूमा के वार्ड क्रमांक 19 में हुए पंच पद के लिए हुए मतदान में कुल 57.72 प्रतिशत मतदान हुए। जिसमें कुल 266 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। महिला मतदाता की संख्या 126 तथा पुरूष मतदाताओं की संख्या 140 रही।।

# कलम फाउंडेशन के सदस्यों ने गिफ्ट अ डेस्क पहल अंतर्गत प्राथमिक शाला में गिफ्ट की 12 डेस्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में चलाई जा रही गिफ्ट-अ-डेस्क पहल अंतर्गत मंगलवार 22 जुलाई को कलम फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बरघाट विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला मंडई टोला ग्राम केकड़ई में 12 डेस्क का वितरण के साथ नन्हे बच्चों को लेखन पुस्तिका एवं कलम आदि भेंट स्वरूप दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से कलम फाउंडेशन के सदस्य एवं दानदाता सदस्यगण जिनमें शिक्षिका श्रीमती माया राहंगडाले,शिक्षिका श्रीमती नीता बोपचे, श्रीहिमांशु ठाकुर, श्री गौरव चौधरी,श्री यशवत बालबद्दे,सुश्री काजल मेश्राम,सुश्री काजल पवार,श्री अभय गुप्ता एवं ललित गठरे द्वारा संयुक्त दान से 12 डेस्क प्रदान की गई।

## पुलिस एवं नगरपालिका टीम की संयुक्त कार्रवाई

# अव्यवस्थित दुकानों एवं ठेलों को हटवाकर एवं दुकानदारों को दी समझाईश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा यातायात व्यवस्था सुगम रहे इसलिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली सिवनी द्वारा लगातार पैदल भ्रमण कर शहर में अव्यवस्थित लगी दुकानों एवं ठेला को व्यवस्थित लगाया जाता रहा हैं।



इसी क्रम में थाना कोतवाली सिवनी से निरीक्षक किशोर वामनकर एवं स्टाफ, थाना यातायात से निरीक्षक विजय बघेल एवं स्टाफ, कॉम्पेक्ट प्लाटून द्वारा नगरपालिका परिषद् सिवनी की संयुक्त टीम के साथ मिलकर शहर में पैदल भ्रमण कर आम रोड़ पर दुकान की सामग्री बाहर निकालकर दुकान लगाने वाले दुकानदारों, अव्यवस्थित रूप से ठेले लगाने वालों को निम्न समझाईश दी गईः- सभी दुकानदार अपनी दुकानों को सीमा में ही लगाये। दुकानों के सामने व्यवस्थित रुप से पार्किंग की जाए। रास्तों पर किसी प्रकार का अनावश्यक अतिक्रमण न करें। वाहनों के आवागमन एवं राहगीरों के चलने के लिए पर्याप्त स्थान रखें। कार्यवाही में सहयोगी स्टाफ निरीक्षक किशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणागत एवं कोतवाली स्टाफ, निरीक्षक विजय बघेल एवं थाना यातायात स्टाफ, कॉम्पेक्ट प्लाटून एवं नगर पालिका परिषद् की टीम की विशेष भूमिका रही।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सत्संग मे किया सहभागिता

**सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आयोजित सत्संग मे सहभागिता किया।आज एम.एम. ग्रेण्ड अग्रोहा लान मे नारायण रेखी सत्संग परिवार द्वारा प्रातः 11:00 बजे से दीदी मती राजेश्वरी मोदी जी के पावन सानिध्य मे आयोजित एक दिवसीय सत्संग मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सहभागिता कर कार्यक्रम मे सर्वप्रथम द्वीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात सत्संग परिवार के सदस्यों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का शाल, फल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या मे दीदी के मुख से प्रवाहित सत्संग श्रवणकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# एफएक्यू मानक के स्कंध का ही होगा उपार्जन

**सिवनी।** जिला प्रबंधक मार्कफेड सिवनी द्वारा बातया गया कि सिवनी जिले मे वर्ष 2025 (विपणन वर्ष 2025-26) मे ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा रहा हैं। जिसका समर्थन मूल्य क्रमशः 8682 एवं 7400 हैं। सिवनी जिले मे उक्त स्कन्ध उपार्जन हेतू 5 उपार्जन केंद्र निर्धारित किये गए हैं, जिसमें वर्धमान वेयरहाउस कलबोड़ी कुरई, नरेला वेयरहाउस सिवनी, आस्था वेयरहाउस मोहगांव लखनादौन, बी ओ टी वेयरहाउस पिपरिया लखनादौन, मां कर्मा देवी वेयरहाउस घन्सौर में उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत शासन द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के लिए निर्धारित मापदंड अनुसार नमी की मात्रा 12% से अधिक नहीं होनी चाहिए,विदेशी पदार्थ (Foreign Matter): अधिकतम 2%, क्षतिग्रस्त दाने 3% से अधिक नहीं होने चाहिए। अपरिपक्व/हरे दाने (Immature/Green Grains): अपरिपक्व या हरे दाने 3% से अधिक नहीं होने चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा किसानों से एफएक्यू निर्धारित मानक का ही स्कंध उपार्जन के लिए लाने की अपील की गई है।

### मामला आदिवासी महिला की ग्राम खापा की भूमि कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बेचने का

# आदिवासी महिला का डुप्लीकेट आधार कार्ड बनाने के आरोप में 2 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

आदिवासी महिला की भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बिक्री करने के मामले में वारासिवनी पुलिस ने 2 और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया हैं। जिसमें वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 1 मिश्रा नगर निवासी विवेक पिता दिलीप पटले 28 वर्ष और लालबर्रा बोरी निवासी तोरीक रजा शामिल हैं। इस प्रकार अब इस मामले में 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं। लेकिन अभी भी इस मामले में प्रशासन से जुड़े हुए अधिकारियों और कर्मचारियों पर पुलिस की दृष्टि नहीं पड़ी हैं।

जॉच अधिकारी पवन यादव ने बताया कि आदिवासी महिला का डुप्लीकेट आधार कार्ड बनाने के मामले में विवेक पटेल व तोरिक रजा को गिरफ्तार किया गया हैं। इन दोनों के माध्यम से आरोपियों द्वारा आदिवासी महिला देवकी बाई का डुप्लीकेट आधार कार्ड बनवाया गया था। जिसके आधार पर जमीन की खरीदी बिक्री की गई हैं। इस मामले में अभी भी जॉच जारी है। जॉच में जो भी तथ्य सामने आयेगे, उनके अनुसार कार्यवाही की जायेगी। दोनों आरोपियों को कल न्यायालय में पेश किया जायेगा।

विदित हो कि ग्राम पंचायत खापा निवासी देवकी बाई पिता कुंजीलाल कुमरे की भूमि थी। लेकिन देवकी बाई पिछले कई वर्षो से अपने पति के साथ जबलपुर में रह रही थी। इसीलिए ग्राम के कुछ लोगों द्वारा उसकी जमीन पर अपनी निगाहें गड़ा दी गई और फिर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर वर्ष 2023 में जमीन की खरीदी-बिक्री कर दी गई।



इस बात की जानकारी देवकी बाई को कुछ माह पूर्व लगने पर उसने इसकी लिखित शिकायत पुलिस थाना वारासिवनी में की थी। जिसकी जॉच उपरांत वारासिवनी पुलिस ने पहले तो 5 आरोपियों विक्रेता कमला बाई पति जीवन उइके 58 वर्ष झालीवाड़ा, क्रेता ममता उर्फ मुनिता पति मनोज मेश्राम 40 वर्ष खापा, इस फर्जी सौदे में गवाह के रुप में हस्ताक्षर करने वाले मनोज पिता राघोदास मेश्राम 53 वर्ष खापा, विकास मेहतलाल गौतम 29 वर्ष खापा और स्वरूप पिता दशरथ टेंभरे झालीवाड़ा को आरोपी बनाया था। जिसमें से स्वरुप पिता दशरथ टेंभरे फरार हैं और बाकी 4 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका हैं।

लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस ने अभी पटवारी, सर्विस प्रोवाईडर व पंजीयन कार्यालय के अधिकारियों- कर्मचारियों की मिलीभगत की जॉच पूरी तरह से नहीं की हैं। देखना यह हैं कि इन शासकीय कर्मचारियों की जॉच पुलिस द्वारा कब तक की जाती है?

# जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिले में हर्षोल्लास के साथ धमूधाम से मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 22 जुलाई को अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि जिला मुख्यालय बालाघाट में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सभी कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड बालाघाट में होंगे। सभी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज के फहराने का समय 7 से 8 के बीच होगा। तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि पुलिस परेड ग्राउंड के कार्यक्रम में अतिथियों की समुचित बैठक व्यवस्था व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ उन्हें घर से लाने और वापस ले जाने की जिम्मेदारी दी गई। मुख्य समारोह में माइक और साउंड बॉक्स की व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी के जिम्मे रहेगी। मुख्य समारोह के लिए वाटरप्रूफ पंडाल की देखरेख सीएमओ को सौंप गई है। विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अधिकारी एमपीईबी देखेंगे।

बैठक में तय किया गया कि मुख्य समारोह में होने वाली परेड की रिहर्सल 06 अगस्त से प्रारंभ कर 12 अगस्त तक होगी।एंबुलेंस, हैंड सेनीटाइजर की समुचित व्यवस्था सीएमएचओ करेंगे। बैठक में तय किया गया कि स्वंतंत्रता दिवस पर कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक के झंडे का उपयोग नहीं करेगा और न ही विक्रय करेगा। तिरंगा झंडा कपड़े का ही उपयोग किया जायेगा और वह भी निर्धारित लंबाई व चौड़ाई का होना चाहिए। प्लास्टिक के तिरंगे झंडे विक्रय करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी।

### 90 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए

**बालाघाट।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 22 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ एवं अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 90 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।

### रेल सुविधायें बढ़ाने के लिए दिया मांग पत्र

# सांसद श्रीमती भारती पारधी ने केन्द्रीय रेल मंत्री से की भेंट

हरिभूम न्यूज बालाघाट।

बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने संसद के मॉनसून सत्र के दौरान 22 जुलाई को केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से भेंट कर उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तर के लिए मांग पत्र सौंपा। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने सांसद श्रीमती पारधी को आश्वस्त किया कि उनके प्रस्तावों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जायेगा और इन्हें शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा।

सांसद श्रीमती पारधी ने रेल मंत्री श्री वैष्णव को बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र को बीते एक वर्ष में अनेकों रेल सौगात देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र की जनता द्वारा की जा रही विभिन्न मांगों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए एक मांग भी उन्हें सौंपा। जिनमें जबलपुर-रायपुर के मध्य प्रस्तावित इंटरसिटी ट्रैन को तुरंत शुरू करने के साथ ही इस ट्रैन का



प्रायोगिक स्टॉपेज लामता तथा हट्टा में किये जाने, गाड़ी संख्या 22173/22174 जबलपुर चांदाफोर्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज लामता स्टेशन में किया जाने एवं गाड़ी संख्या 19343/19344 पेंचवेली एक्सप्रेस तथा 20423/20424 पातालकोट एक्सप्रेस का विस्तार वाया बालाघाट स्टेशन गोंदिया तक करने की मांग की गई है। इन सभी मांगों पर रेल मंत्री श्री वैष्णव ने गंभीरता पूर्वक विचार करने और इन्हें शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया है।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के 06 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई जांच में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का उल्लंघन एवं अनियमितता पाये जाने पर जिले के 06 मेडिकल स्टोर्स के लायसेंस तत्काल प्रभाव से एक निश्चित अवधि के लिए निलंबित कर दिये गये हैं। लायसेंस निलंबित होने के बाद इन मेडिकल स्टोर्स से औषधियों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर पदेन उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में जिले के मेडिकल स्टोर्स एवं दवा दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया है कि औषधि विक्रय संस्थानों के औचक निरीक्षण के दौरान इन दवा दुकानों में औषधियों के क्रय विक्रय दस्तावेजों का मिलान नहीं होना, अवसान तिथि बीत चुकी दवाइयों का नियमानुसार संधारण नहीं किया जाना, योग्य व्यक्ति की अनुपस्थिति और कोल्ड स्टोरेज में संधारित की जाने वाली औषधियों का संधारण उचित तापमान पर नहीं करना जैसी अनियमितताएं पाई गईं। जिसके कारण मैसर्स मिलन मेडीकल लांजी का लाइसेंस 07 दिवस के लिए, मैसर्स श्री कृष्णा मेडिकल स्टोर्स बालाघाट का लाइसेंस 04 दिवस के लिए, मैसर्स प्रियंका फार्मेसी लांजी का लाइसेंस 05 दिवस के लिए, मैसर्स लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स लांजी का लाइसेंस 05 दिवस के लिए, मैसर्स सन्मति मेडिकल एंड जनरल स्टोर बालाघाट का लाइसेंस 02 दिवस के लिए और मैसर्स जय श्री मेडिकल स्टोर्स बालाघाट का लाइसेंस 02 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

निलंबन आदेश के पश्चात इन मेडिकल स्टोरों द्वारा औषधि के क्रय अथवा विक्रय को पूर्णतः अवैधानिक माना जाएगा और यह कृत्य प्रशासनिक/न्यायालयीन कार्यवाही किये जाने योग्य होगा। औषधि निरीक्षक स्वपनिल सिंह एवं




जयप्रकाश कुमार द्वारा दवा दुकानों का निरीक्षण किया गया है। बालाघाट जिले के समस्त दवा व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि दुकान संचालन के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का पालन करना सुनिश्चित करें।

# सांदीपनी विद्यालय में अकादमिक संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सांदीपनी विद्यालय शासकीय टिहली बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी के प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले ने बताया कि सांदीपनी विद्यालय के प्रोटोकाल के अनुसार प्रत्येक दो माह के अंतराल में आकादमिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। इस माह का अकादमिक संवाद कार्यक्रम शनिवार को विद्यालय के सांदीपनी सभागृह में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य संभागवार आयोजित माध्यमिक विषय प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को अपने अनुभव और सीख सांझा करने का अवसर, आगामी दो माह में प्रथमिकता के अनुसार कार्य योजना पर चर्चा और



शिक्षक सहयोग कार्य योजना पर चर्चा, रेमेडियल कक्षाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा, नए शिक्षकों के ओरिएंटेशन के लिए स्कूल लीडर इंडेक्शन पैक और टीचर इंडेक्शन पैक का उपयोग और सभी स्कूलों में स्कूल लीडर द्वारा स्कूल लीडर प्रशिक्षण में चर्चा किये गए बिंदुओ में से प्रासंगिक बिंदुओं में शिक्षकों से चर्चा था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षकों का तिलक वंदन करके किया गया। शिक्षकों की बैठक व्ययवस्था ग्रुप वार पर्ची उठाकर गतिविधि आधारित थी, जिसमें आई सी टी आधारित टारसिया एप्प का उपयोग किया गया। सभी शिक्षकों ने दिए गए टास्क अनुसार अपनी-अपनी बातें रखी तथा संस्था के अध्यनरत विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास हेतु चर्चा की।

कार्यक्रम के समय अनुसार प्रत्येक समूह द्वारा शैक्षिक गतिविधि प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम नोडल डेलेन्द्र मेश्राम आई टी शिक्षक और मंच संचालन कमल टेम्भरे लाइब्रेरियन द्वारा किया गया।

# हरियाली तीज का उल्लास, वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने मनाया पारंपरिक उत्सव



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सावन मास के पावन अवसर पर वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा हरियाली तीज का पारंपरिक कार्यक्रम उल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में नगर की दर्जनों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ मनोरंजन का भरपूर आनंद उठाया।

इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष श्रीमती अर्चना गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाली तीज का यह आयोजन नारी शक्ति के उत्साह, सौंदर्य और सांस्कृतिक समर्पण को समर्पित था। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विविध प्रकार के मनोरंजक खेल, हाउस गेम्स, तत्कालिक प्रश्नोत्तरी और लकी ड्रा जैसे आयोजन किए गए, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रीति खटोड़, प्रीति सेठिया, ज्योति पटेल, वर्षा पटेल, स्नेहल गुप्ता, ममता टेकरीवाल जैसे प्रतिभागियों को अलग-अलग श्रेणियों में विजेता घोषित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। लकी ड्रा में ज्योति पटेल को "लकी सावन महिला" का खिताब प्राप्त हुआ। साथ ही, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी सभी महिलाओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने सावन के झूलों का आनंद लिया और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा। कार्यक्रम में संरक्षक श्रीमती जमुना बेन पटेल, श्रीमती किरण रसिया, श्रीमती लीना गुप्ता, जिला प्रभारी श्रीमती ममता पटेल, जिलाध्यक्ष श्रीमती वर्षा जैन, मौसमी पटेल, स्वीटी वैद्य, प्रीति खटोड़, रेखा रूसिया, शीतल पटेल, अनिता गोयंका, गीता पटेल, ज्योति अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, किरण सोनी, सीमा सोनी, कविता सोनी, रिंकी गुप्ता, अंजू गुप्ता, ज्योत्सना कोचर, शारदा गुप्ता, मीनाक्षी पटेल, शिवांगी रूसिया, स्नेहल गुप्ता आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने आपसी मेल-जोल, सौहार्द और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संजोने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कुशलता से किया गया और अंत में सभी ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं दीं।

# एनसीसी कैडिट के द्वारा जागरूकता दिवस बनाया गया




हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शा० उत्कृष्ट उ०मा० वि० किरनापुर में जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया 6 MP बटालियन के ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से एनसीसी कैंडिट द्वारा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर N.C.C. कैडिस के तत्वाधान में पौधा वितरण और जागरूकता रैली आयोजन किया गया। रैली में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारीयों से संबंधित नारे लगाकर आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया। वहीं पौधा वितरण कार्यक्रम के माध्यम से हरित वातावरण की दिशा में विद्यालय द्वारा एक सराहनीय कदम उठाया गया। कार्यक्रम का संचालन NCC प्रभारी C.T.O. वर्षा चौरागड़े ने किया।

### लांजी साप्ताहिक बाजार में व्यापारियों से अवैध वसूली का मामला

# एक माह पूर्व शिकायत होने के बाद भी नहीं हो पाई कार्यवाही

## जनप्रतिनिधि बोले शिकायत सही निकली तो होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी अंतर्गत लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। इस संबंध में नगर परिषद के जिम्मेदारों को व्यापारियों द्वारा एक माह पूर्व ही शिकायत के रूप में आवेदन दिया गया था परंतु जिम्मेदारों के उदासीन रवैये के कारण ठेकेदार के हौसले दिनो दिन बढ़ते जा रहे है। जिसका खामियाजा गरीब तबके के छोटे व्यवसायियों को अपनी जेब कटा कर भुगतना पड़ रहा है। वहीं लांजी साप्ताहिक बाजार में होने वाली अवैध वसूली के संबंध में किसी नगर परिषद के किसी भी जनप्रतिनिधि ने भी आवाज उठाना मुनासिब नहीं समझा। जानकारी अनुसार लांजी के साप्ताहिक बैठकी बाजार में अवैध वसूली को लेकर विगत दिनों 24 जून को नगर परिषद लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम व्यापारियों द्वारा एक शिकायत पत्र सौंपा गया था जिसमें बाजार ठेकेदार द्वारा जबरन अवैध वसूली जिसमें शासन से प्राप्त सूची दर से अधिक राशि लिये जाने, मवेशी बाजार में भी क्रेता-विक्रेता दोनो से रसीद काटने की शिकायत की गई थी। पत्र में व्यापारियों द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है की ठेकेदार के कर्मचारियों के मनमुताबिक राशि नहीं देने पर उनके द्वारा डराना धमकाना



और व्यापार नहीं करने देने की धमकी दी जाती है जिसके कारण बैठकी बाजार का पूरा व्यापारी वर्ग परेशान है।

**बाजार बंद कराने की दी थी चेतावनी:** बाजार ठेकेदार की दबंगई और अवैध वसूली से तंग आकर बैठकी बाजार के व्यापारियों द्वारा नगर परिषद सीएमओ को कार्यवाही हेतु आवेदन दिया गया था और कार्यवाही नहीं होने के अभाव में लांजी बाजार को बंद करने की भी चेतावनी दी गई थी परंतु शिकायत देने के एक माह बाद भी नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया या जिसके कारण गरीब सब्जी व्यापारी लगातार लूटे जा रहे है और ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली से अपनी जेब गर्म की जा रही है। उल्लेखनीय है की लांजी नगर के साप्ताहिक बाजार जो रविवार को लगता है, में हजारों की संख्या में तहसील क्षेत्र के चारों ओर से ग्रामीण पहुंचते है और अपनी जरूरत की सामग्री खरीदकर ले जाते है। वहीं इस बाजार में तहसील क्षेत्र के अलावा अन्य स्थानों से भी व्यापारी पहुंचते हैं जो ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली से परेशान हैं।

**शिकायत सही पाये जाने पर होगी कार्यवाही:** इस संबंध नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर ने कहा की साप्ताहिक बाजार में हो रही अवैध वसूली की शिकायत के संबंध में उन्हें जानकारी हैं। इस संबंध में नगर परिषद सीएमओं से चर्चा की जाएगी की उन्होने इस पर कार्यवाही क्यों नहीं की। तथा नगर परिषद में होने वाली सामान्य सभा की बैठक में भी इस मुद्दे पर सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों-कर्मचारियों से चर्चा कर व्यापारियों के हित में निर्णय लिया जाएगा। साथ ही शिकायत सही पाये जाने पर ठेकेदार के विरूद्ध नगर पालिका अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### इनका कहना है

साप्ताहिक बाजार लांजी जो कई वर्षो से लग रहा है। यहां गरीब वर्ग के छोटे व्यापारी अपनी सब्जी तरकारी और जरूरत का सामान बेचने यहां आते हैं और अपनी आजीविका चलाते है। ऐसे में बाजार ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से वसूली करने की शिकायत लगातार प्राप्त हो रही है, जिससे नगर परिषद की छवि धूमिल हो रही है। सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों कर्मचारियों से सामान्य सभा की बैठक में चर्चा कर जल्द ही व्यापारियों के हित में निर्णय लिया जाएगा।

**श्रीमती रेखा तारांचद कालबेले**
**अध्यक्ष, नगर परिषद लांजी**

बाजार ठेकेदार द्वारा साप्ताहिक बाजार में प्रत्येक व्यापारी से वसूली तो बराबर की जा रही है परंतु सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। खासकर महिलाओं को बुजुर्गो को बाजार में काफी परेशानियां होती है। वहीं अवैध वसूली के कारण पूरा व्यापारी वर्ग परेशान है जिसको लेकर सामान्य सभा की बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ चर्चा कर इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

**किशोर रामटेक्कर, सभापति**
**नगर परिषद लांजी**

# छत से टपकता है पानी, स्कूल प्रबंधन ने किया समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

विकासखंड खैरलांजी के तहत आने वाले घानौड के शासकीय प्राथमिक स्कूल का भवन बारिश के पानी से टपकता है, जिसके कारण स्कूल प्रबंधन को कक्षा संचालित करने में परेशानी होती है जिससे अध्ययनरत बच्चो की पढ़ाई प्रभावित होती। प्रधान पाठक के द्वारा छत सीपेज है जिसकी जानकारी शिक्षा विभाग के बीआरसी सहित क्षेत्रीय विधायक को भी दि गई ताकि आने वाले समय में शीघ्र समाधान हो सके। फिलहाल स्कूल प्रबंधन के द्वारा अपनी सूझबूझ व बेहतरीन तर्क का परिचय देते हुए छत के ऊपर तिरपाल बिछाकर कुछ समय के लिए समाधान किया गया है ताकि बारिश के दिनो में भवन में कक्षा लगाकार पढ़ाई लिखाई की जा सके। हालांकि भवन की छत की मरम्मत



की जरूरत है ।जानकारी के अनुसार यह शासकीय प्राथमिक स्कूल घानौड ग्राम पंचायत टूईयापार के अंतर्गत आता है। स्कूल में करीब 35 बच्चो की दर्ज संख्या है। स्कूल भवन का निर्माण 2003 में किया गया था ।जिसकी छत सीपेज होती है और कमरो में पानी टपकता है । जिसके सुधार व मरम्मत की जरूरत है जिससे कक्षा संचालित करने में दिक्कत न हो । प्रधान पाठक ने बताया की भवन की छत बारिश आने पर टपकती है, जिसकी जानकारी विभागी अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि को दि गई है ।अभी छत पर तिरपाल बिछा दि गई है।

